श्याम नाम से हमने कर ली सगाई | By Sardar Romi |

कर ली सगाई हमने कर ली सगाई
श्याम नाम से हमने कर ली सगाई

माथे लगाई श्याम नाम वाली बिंदिया
श्याम नाम बिन अब तो आए ना निंदिया
श्याम नाम की मेहंदी हाथों रचाई
श्याम नाम से हमने कर ली सगाई

होंठों पे लगाई श्याम नाम वाली लाली
श्याम नाम बिन रात लगती है काली
श्याम नाम से हमने माँग सजाई
श्याम नाम से हमने कर ली सगाई

श्याम नाम वाली मैंने ओढ़ी चुनरिया
साँवरे की आज मैं तो बन गई बहुरिया
साँवरे की दुल्हन मैं बन के इठलाई
श्याम नाम से हमने कर ली सगाई

श्याम नाम वाले मैंने पहने हैं गहने
रोमी ऐसी दुल्हन के जग में क्या कहने
दूल्हा बना जिसका साँवरा कन्हाई
श्याम नाम से हमने कर ली सगाई

कर ली सगाई हमने कर ली सगाई
श्याम नाम से हमने कर ली सगाई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%97%e0%a4%be/